








# यूजीसी काले कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन : भारत बंद का सीधी में दिखा असर

## सवर्ण समाज ने एकजुटता के साथ किया विरोध प्रदर्शन, विरोध प्रदर्शन में सवर्ण समाज के युवाओं की रही ऐतिहासिक भागीदारी

नवभारत न्यूज

**सीधी 1 फरवरी। यूजीसी काले कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के साथ भारत बंद का सीधी में असर दिखा। सवर्ण समाज ने एकजुटता के साथ विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में सवर्ण समाज के युवाओं की ऐतिहासिक भागीदारी रही।**





सवर्ण समाज के आह्वान पर यूजीसी एक्ट के विरोध में आयोजित भारत बंद के तहत आज सीधी नगर पूर्णतः बंद रहा। सीधी जिले के समस्त सवर्ण समाज के संगठनों द्वारा एकजुट होकर यूजीसी एक्ट को वापस लेने की मांग को लेकर सीधी बंद का आह्वान किया गया, जिसका व्यापक असर देखने को मिला। सुबह से ही नगर के बाजार, प्रतिष्ठान एवं व्यापारिक गतिविधियां पूरी तरह ठप रहीं। बंद के दौरान व्यापारियों ने स्वेच्छा से अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर आंदोलन को पूर्ण समर्थन दिया। व्यापारियों के इस सहयोग से यह स्पष्ट हुआ कि यूजीसी एक्ट को लेकर समाज के हर वर्ग में गहरा आक्रोश है और सामान्य वर्ग के छात्रों के भविष्य को लेकर गंभीर चिंता व्याप्त है। बंद के पश्चात गांधी चौक में सवर्ण समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, छात्र एवं प्रबुद्धजन एकत्र हुए। वहां से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग की गई कि यूजीसी एक्ट जैसे काले कानून को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए क्योंकि यह सामान्य वर्ग के छात्रों के साथ अन्याय है और उनके भविष्य को बर्बादी की ओर धकेल रहा है।

वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य समान अवसर प्रदान करना है न कि किसी वर्ग विशेष के साथ भेदभाव करना। यदि सरकार ने शीघ्र निर्णय नहीं लिया तो यह आंदोलन और अधिक व्यापक रूप ले सकता है। इस सफल भारत बंद को ऐतिहासिक बताते हुए आयोजकों ने सीधी जिले के समस्त व्यापारियों के प्रति हृदय से आभार एवं साधुवाद प्रकट किया जिनके सहयोग से यह बंद पूर्णतः सफल रहा। कार्यक्रम में यह संकल्प लिया गया कि सामान्य वर्ग के छात्रों के अधिकारों की रक्षा के लिए यह संघर्ष शांतिपूर्ण लेकिन निर्णायक रूप से जारी रहेगा।

### आंदोलन में इनकी रही उपस्थिति

इस आंदोलन में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज सीधी के जिला अध्यक्ष पं .राकेश दुबे, श्री राजपूत करणी सेना के जिला अध्यक्ष नारेन्द्र सिंह चौहान, परशुराम सेना युवा मोर्चा के संभागीय अध्यक्ष विकाश नारायण तिवारी, अखिल भारतीय क्षत्रिय सभा के जिला अध्यक्ष रहीस सिंह चौहान, अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के जिला अध्यक्ष अधिवक्ता अरविंद शुक्ला, श्री राजपूत करणी सेना के संगठन महामंत्री हरपाल सिंह चौहान, अखिल भारतीय करणी सेना के संगठन महामंत्री सज्जन सिंह एवं प्रमोद सिंह चौहान, अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न पाण्डेय, आर्यावर्त ब्राह्मण सभा के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र पाण्डेय, समाजसेवी पुष्पराज मिश्रा, रमेश सिंह, रविन्द्र पाण्डेय, मृत्युंजय मिश्रा, मार्तण्ड मिश्र, बृजभूषण मिश्रा, मृत्युंजय गौतम सहित सीधी जिले के छात्र एवं सवर्ण समाज के बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# संत रविदास का जीवन सामाजिक समरसता और मानव गरिमा का देता है संदेश : ज्ञान

नवभारत न्यूज

**सीधी 1 फरवरी। ग्राम बम्हनी में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सेमरिया द्वारा विचार गोष्ठी एवं माताओं-बहनों के सम्मान समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया।**



कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद तिवारी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत संत गुरु रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में माताएं-बहनें एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ज्ञान सिंह ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का संपूर्ण जीवन सामाजिक समरसता, समानता और मानव गरिमा का संदेश देता है। उन्होंने जाति-भेद और ऊंच-नीच को नकारते हुए समता मूलक समाज की स्थापना का मार्ग दिखाया। आज आवश्यकता है कि हम उनके विचारों को अपने जीवन में उतारें और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करें। श्री सिंह ने आगे कहा कि माताएं-बहनें और बेटियां समाज की आधारशिला हैं। परिवार, समाज और राष्ट्र के निर्माण में उनकी भूमिका अतुलनीय है। जब नारी सशक्त होती है तब समाज स्वतः सशक्त होता है। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी माताओं-बहनों को वस्त्र एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद तिवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव संत रविदास जी के समता, न्याय और भाईचारे के विचारों पर चलने वाली पार्टी रही है और ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक चेतना जागृत करने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विनोद विश्वकर्मा, मनोज कोल, प्रभात वर्मा, वंशरूप साकेत, शिवभगत केवट, अशोक नवैत, मुनीन्द्र साकेत, राजबहोर साकेत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, माताएं-बहनें एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सामूहिक सद्भाव और सामाजिक एकता के संकल्प के साथ किया गया।

# विंध्य इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2026 का समापन, राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय फिल्मों को मिला सम्मान

नवभारत न्यूज

**सीधी 1 फरवरी। 29 जनवरी से शुरू हुआ विंध्य इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2026 का भव्य समापन शुक्रवार 31 जनवरी को वैष्णवी गार्डन में गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। तीन दिवसीय इस अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में देश-विदेश से आई शॉर्ट फिल्में, डॉक्यूमेंट्री और स्टोरी फिल्मों का प्रदर्शन किया गया, जिसे दर्शकों और फिल्म प्रेमियों ने खूब सराहा।**



फिल्म फेस्टिवल के दौरान भारत सहित विभिन्न देशों से आए जाने-माने लेखक, निर्देशक, अभिनेता और अभिनेत्रियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विभिन्न कैटेगरी में चयनित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय फिल्मों को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर फेस्टिवल के संरक्षक डॉ.अनूप मिश्रा ने कहा कि विंध्य इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल लगातार विंध्य क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रहा है। यह मंच न केवल स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर दे रहा है बल्कि उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर से जोड़ने का कार्य भी कर रहा है। समापन समारोह की मुख्य अतिथि प्रसिद्ध अभिनेत्री कामना पाठक रहीं। कामना पाठक एवं डॉ.अनूप मिश्रा ने संयुक्त रूप से देश-विदेश से आए सभी अतिथियों, फिल्मकारों और कलाकारों को सम्मानित किया तथा चयनित फिल्मों को अवार्ड प्रदान किए। तीन दिनों तक चले इस फिल्म फेस्टिवल ने न सिर्फ सिनेमा के विविध रंगों को दर्शाया बल्कि विंध्य क्षेत्र को फिल्म और कला के एक महत्वपूर्ण केन्द्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाया। समापन समारोह में उपस्थित दर्शकों और अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे यादगार बताया।

# भाजपा ने संत रविदास मंदिर में आयोजित किया कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सीधी 1 फरवरी। संत शिरोमणि रविदास की 649वीं जयंती के अवसर पर भाजपा द्वारा सीधी जिले के ग्राम पड़रा में संत शिरोमणि रविदास महाराज के मंदिर में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान मुख्य आतिथ्य में रविदास प्रतिमा पर माल्यार्पण और संत सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया।**



इस अवसर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान द्वारा कहा गया कि मन चंगा तो कठौती में गंगा जो कहावत है वह सामाजिक समरसता और समन्वय के साथ अपने कर्तव्य पथ पर बल चलने को देती है। इस अवसर पर प्रदेश सह संयोजक नगरीय प्रकोष्ठ जीतेंद्र सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष विश्वबंधुधर द्विवेदी, डॉ.मनीला सिंह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अमलेश्वर चतुर्वेदी, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनम सोनी, मुनिराज विश्वकर्मा, श्यामसुंदर साकेत, शंकर साकेत, मुन्ना चौधरी, श्रवण सिंह, विभा शर्मा, रन्नू साकेत, संगीता सिंह चौहान, आशा शुक्ला, महिमा तिवारी, हरिकेश साकेत, भोला साकेत, राजेन्द्र प्रजापति, बैठोली साकेत सहित अन्य भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जब किसी को भी गुरुजनों का सम्मान करने का मौका मिले, उसे नहीं छोड़ना चाहिए : अभ्युदय

▸ कंजवार में शिक्षक सम्मेलन का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**सीधी 1 फरवरी। जिले के संकुल केन्द्र टिकरी अंतर्गत कंजवार में अभ्युदय सिंह राज पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य, बीईओ बी.डी.रावत की अध्यक्षता में म.प्र. शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ शिक्षक सम्मेलन सीतामढ़ी कंजवार में सम्पन्न हुआ।**




शिक्षक सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अभ्युदय सिंह राज ने कहा कि आज आपको सम्मान करने का मौका मिला, बहुत ही सौभाग्यशाली हूं जब कभी किसी को भी गुरुजनो का सम्मान करने का मौका मिले, उसको नही छोड़ना चाहिए, बहुत ही पुण्य का कार्य है। जितने सीमित संसाधनों में आप बच्चों को शिक्षित करने का काम कर रहे हैं बहुत ही काबिले तारीफ है। यहां विगत वर्षो से जो परीक्षा परिणाम को बढ़ावा मिला है उससे यह प्रतीत होता है कि आप ईमानदारी के साथ काम कर रहें हैं आप की श्रेणी मां-बाप से कम नही है। उन्होंहे शिक्षक संघ से आह्वान किया कि आपकी जो समस्या है आप एक समिति का गठन करें जो सरकार से बात कर सके, आपकी समस्याओ का निष्कर्ष जरूर निकलेगा। मैं आपकी समस्याओं को मंत्री, विधायक तक जरूर पहुंचाऊंगा। कार्यक्रम ने अन्य अतिथियों ने संबोधन किया। सम्मेलन पूर्व बीईओ यज्ञशरण त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष केके मिश्रा, जल उपभोक्ता अध्यक्ष हरीश मिश्रा, मंडल उपाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह, प्राचार्य लाल अमर दीप सिंह के विशिष्ट आतिथ्य, सीपी सिंह चौहान, रामप्रसाद तिवारी पूर्व शिक्षक, भूपेन्द्र मिश्रा, धर्मकिशोर मिश्रा, तुलसीदास मिश्रा, अजय प्रताप सिंह, अमीर सिंह, दीप नारायण द्विवेदी, रामराज सिंह, बीआरसीसी एपी पटेल, अभयराज योगी, वरिष्ठ शिक्षक अशोक कुमार तिवारी, गंगा शरण तिवारी सरपंच चौहानन टोला, पूर्व सरपंच अजीत सिंह, पूर्व बीआरसीसी राकेश मिश्र, वरिष्ठ शिक्षक लाल कमलाकर सिंह, राजेश शुक्ला, कौशलेन्द्र तिवारी, अनुज कुमार मिश्र की उपस्थिती में हुआ। इसके अलावा प्रांतीय अध्यक्ष चंदेश्वरि प्रसाद तिवारी, प्रशांत जायसवाल जिलाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, महिला विंग अध्यक्ष कामना मिश्रा, क्षत्रिमणि पाण्डेय, हरभजन पटेल, संतोष पटेल, रामप्रकाश द्विवेदी, सुधा सिंह, अंजली विश्वकर्मा, शिवानी सिंह परिहार, महिमा पनिका, उषा तिवारी, सोमवती, गीता कोल, आरके शहवाल, शिक्षक अम्बिका मिश्रा, ह्रयदेश गौर, राकेश पटेल, सुभाष, शारदा प्रसाद मिश्रा, राकेश सिंह, सुधीर शुक्ला, पवन डेहेरिया, संजीवन यादव, जगजीवन सहित सैकड़ो मे शिक्षक जन उपस्थित थे। उपस्थित शिक्षकों के प्रति आभार ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने व्यक्त किया।



# बुजुर्गों के सकारात्मक विचार ही घर परिवार के लिए सुरक्षा कवच : ब्रह्माकुमारी

नवभारत न्यूज

**सीधी 1 फरवरी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सीधी स्टेडियम के पास स्थित सेवा केन्द्र में देशव्यापी अभियान संगम प्रोजेक्ट के अंतर्गत गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन विषय पर सम्मान समारोह एवं ध्यान सत्र का आयोजन किया गया।**

इस अवसर पर सभी वृद्ध जनों को तिलकए बैज और ईश्वरीय सौगात देकर सम्मानित किया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ कैलाश स्वर्ण वृद्धाश्रम ताला मझौली में किया गया एवं समापन स्टेडियम के पास स्थित सेवा केन्द्र में किया गया। सीधी जिले स्थित सेवा केन्द्रों की संचालिका ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने बुजुर्गों को शुभकामना देते हुए उनके स्वस्थ रहने की कामना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था संतुष्टता की आयु है इस आयु में कोई इच्छा नहीं रह जाती है। वृद्धावस्था सिर्फ दातापन की ही है उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था में साक्षी भाव बहुत जरूरी है, बुजुर्गों का असली कार्य केवल उमंग उत्साह बढ़ाना है। बुजुर्गों की वाणी हमारे लिए वरदान होती है बुजुर्गों के सकारात्मक विचार घर परिवार के लिए सुरक्षा कवच बन जाते हैं। सभी बुजुर्गों ने आंतरिक शांति एवं आंतरिक शक्ति का अनुभव किया व कार्यक्रम की सराहना की। बीके अर्चना द्वारा मंच संचालन किया गया। बीके रानी ने सबको ध्यान कराया। बीके शैली द्वारा एक्टिविटी कराई गई और बीके लक्ष्मी द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर अशोक कुमार बैस, श्यामलता पेंड्राम, रामसिया बैस, घनश्याम दीक्षित, ताला वृद्धाश्रम के संचालक शिवानंद तिवारी, इंद्रभान सिंह, इंजी.बबन सिंह, रमापति तिवारी, जवाहर लाल गुप्ता, हरिहर तिवारी, शान्ति तिवारी, विद्या द्विवेदी, लीलावती गुप्ता, सुशीला मिश्रा, भास्कर साहू सहित नगर के अन्य वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय बजट 2026 को सत्ता पक्ष ने सराहा, विपक्ष ने बताया आम लोगों के खिलाफ


## बजट में मैन्युफैक्चरिंग, एक्सपोर्ट और ग्रीन एनर्जी को राहत, वहीं शेयर बाजार से जुड़े निवेश और कुछ गतिविधियां महंगी

नवभारत न्यूज

**सीधी 1 फरवरी। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज वित्त वर्ष 2026-27 के लिये केन्द्रीय बजट पेश किया। बजट 2026 में सरकार ने एक तरफ मैन्युफैक्चरिंग, एक्सपोर्ट और ग्रीन एनर्जी को राहत दी है तो दूसरी तरफ शेयर बाजार से जुड़े निवेश और कुछ गतिविधियों को महंगा किया है। सत्ता पक्ष ने जहां बजट को सराहा वहीं विपक्ष ने इसे आम लोगों के खिलाफ बताया।**


केन्द्रीय बजट को लेकर सत्ता पक्ष एवं उसके समर्थकों द्वारा काफी सराहना करते हुये इसे सुपर बजट बताया। वहीं विपक्षी दलों के लोगों ने इसे लोक लुभावना बताते हुये कहा कि इससे आम आदमी को कोई लाभ नहीं होगा। केन्द्र सरकार द्वारा काफी चतुराई के साथ महंगाई का बोझा आम जनता पर डालने का प्रयास किया गया है।

### गरीब, महिला व युवाओं के हित का बजट : डॉ .राजेश



देश की संसद में वित्त वर्ष 2026-27 का केन्द्रीय बजट प्रस्तुत होने के बाद सीधी-सिंगरौली के सांसद डॉ .राजेश मिश्र ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे गांव, गरीब, मजदूर, किसान, महिला और युवाओं के हित में ऐतिहासिक बजट बताया। सांसद ने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा लगातार नौवीं बार प्रस्तुत किया गया है जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। उन्होंने विशेष रूप से स्वास्थ्य क्षेत्र को लेकर बजट की सराहना करते हुए कहा कि पहली बार चिकित्सा क्षेत्र में इतने व्यापक प्रावधान किए गए हैं। सांसद ने बताया कि बजट के माध्यम से एक लाख से अधिक उच्च प्रशिक्षित स्वास्थ्य पेशेवर तैयार किए जाएंगे, जिनमें एनेस्थीसिया, नेत्र चिकित्सा, मनोविज्ञान सहित अन्य विशिष्ट सेवाओं से जुड़े विशेषज्ञ शामिल होंगे।

### जनहितैषी और रोजगार को बढ़ाने वाला बजट : देव कुमार



भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने केन्द्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार मे वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट जन हितैषी, उद्योग एवं रोजगार को बढ़ावा देने वाला है। प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य की ओर अग्रसर करने वाला बजट है। कुल मिलाकर समाज के सभी वर्गों के लिए यह बजट लाभकारी है।

### सभी वर्ग को समर्पित है बजट : रीती




केन्द्रीय बजट 2025-26 पर सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि देश के मध्यम वर्ग, किसान, युवा, महिला और गरीब कल्याण को समर्पित एक दूरदर्शी एवं विकासोन्मुखी बजट है। इस बजट में 12 लाख रूपये तक की आय को कर-मुक्त कर मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दी गई है जिससे आम परिवारों की आर्थिक मजबूती बढ़ेगी और उपभोग क्षमता में इज़ाफा होगा। कृषि क्षेत्र के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाना, दलहन आत्मनिर्भरता मिशन तथा ग्रामीण क्षेत्रों पर विशेष ध्यान, किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। यह बजट सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना को साकार करता है।

### जीवन रक्षक दवाइयां होगी सस्ती : डॉ .ऋचा तिवारी



होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ .ऋचा तिवारी ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि पेश किए गए बजट में जीवन रक्षक दवाइयां सस्ती होगी। जिसके कारण समाज के प्रत्येक वर्ग को लाभ होगा।

### भारत को आत्मनिर्भर बनाने महत्वपूर्ण कदम : कमल



उद्योगपति कमल कामदार ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केन्द्रीय बजट में किसानों की आय बढ़ाने और भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। बजट में काजू और कोको के उत्पादन व प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष कार्यक्रम की घोषणा की गई है ताकि आने वाले वर्षों में आयात पर निर्भरता कम हो और किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिल सके। यह किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगी।

### बजट में मध्यप्रदेश के लोगों को मिला झुनझुना : कमलेश्वर



केन्द्रीय बजट को लेकर सीडब्ल्यूसी सदस्य एवं पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि यह बजट मध्य प्रदेश के साथ एक बार फिर अन्याय और उपेक्षा का दस्तावेज साबित हुआ है। पूरे देश ने उम्मीद के साथ बजट को सुनाए लेकिन मध्य प्रदेश के हिस्से में इस बार भी निराशा ही आई। म .प्र . ने भाजपा को दो तिहाई बहुमत की सरकार दी, लोकसभा चुनाव में 29 में से 29 सांसद जिताकर दिल्ली भेजे, लेकिन आज जब देश का बजट सामने आया तो उसी म .प्र . का नाम कहीं भी प्राथमिकता से नहीं लिया गया। विंध्य, बुंदेलखंड और महाकौशल जैसे पिछड़े क्षेत्रों के लिए भी कोई ठोस घोषणा नहीं की गई। सरकार ने बड़े-बड़े आंकड़े जरूर पेश किए लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया कि म .प्र . के किसान, मजदूर और युवा को इससे सीधा क्या लाभ मिलेगा। कमलेश्वर पटेल ने कहा कि सरकार टैक्स में राज्यों को मिलने वाले हिस्से को अपनी उपलब्धि बताकर पेश कर रही है जबकि यह संविधान द्वारा राज्यों को दिया गया अधिकार है कोई एहसान नहीं। उन्होंने कहा कि आज का बजट अमृतकाल का बजट नहीं बल्कि कला बजट है जिसमें म .प्र . के लोगों के हाथ सिर्फ झुनझुना लगा है। म .प्र . ने भरोसा दिया, बहुमत दिया और सांसद दिए लेकिन बदले में उसे सिर्फ निराशा मिली है। इन उम्मीदों को नजरअंदाज करना अब किसी भी सरकार के लिए आसान नहीं होगा।

### बजट राजनीतिक और नीतिगत रूप से पूरी तरह दिशाहीन : ज्ञान



जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय बजट को निराशाजनक, अस्पष्ट और आम जनता की ज़रूरतों से पूरी तरह कटा हुआ बजट बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का यह बजट राजनीतिक और नीतिगत रूप से पूरी तरह दिशाहीन है। इसमें आम नागरिक, युवा, किसान और श्रमिक वर्ग के लिए कोई ठोस राहत नहीं दी गई है।

CMYK